विलीयम मेरियन ब्रंहम

संदेशवाहक

वरन सातवे दूत के आवाज़ देने के दिनों में...

प्रकाशितवाक्य 10:7

विषय सूची

1 एक भविष्यव्यक्ता?

5 अंत के दिनों में एक भविष्यव्यक्ता की प्रतिज्ञा

9 आरंभ

12 युवावस्था के वर्ष

22 अग्नि स्तम्भ

28 भेद प्रगट हुए

32 सन्दर्भ

वायस ऑफ गोड रिकॉर्डिंगस, एक अंतर्गत नामधारी सेवकाई है, जो यीशु मसीह के सुसमाचार को आगे बढाने के लिए समर्पित है। हमारी यह प्रार्थना है कि यह पुस्तिका आपके लिए आशीष होगी और आपको अंतिम घड़ियों की जिसमें हम रह रहे है और अच्छी समाज प्रदान करेगी।

© 2019 VGR, ALL RIGHTS RESERVED

एक भविष्यव्यक्ता?

बाईबल में परमेश्वर अपने सन्देश को सदा युग के भविष्यव्यक्ता के द्वारा लोगो तक पहुंचाता है। वह जलती ही झाड़ियों में से होकर मूसा से बोला, और उसे यह अधिकार दिया कि इब्रानियों की अगुवाई कर मिस्त्र से बाहर ले आये। ये दिखने वाला अग्नि का स्तम्भ, और दुसरे चिन्ह उसकी सेवकाई के प्रमाण के लिए दिए गए, यूहन्ना बपतिस्मा देने वाला मसीहा के आगमन के लिए एक सन्देश लाया। जब की वह प्रभु यीशु को यरदन नदी में बपतिस्मा दे रहा था, तो स्वर्ग की एक आवाज ने यूहन्ना के इस अधिकार को कि वो परमेश्वर के मेमने का परिचय करायेगा, इसकी पृष्टी की "ये मेरा प्रिय पुत्र है, जिसमें रहने से में अति प्रसन्न हूं।" वर्षो पश्चात प्रभु की आवाज़ फिर से भविष्यव्यक्ता से बोलती सुने पड़ी, जब वह पौलुस को अँधा कर देने वाली ज्योती के द्वारा बोला, और बाद में उसे कलीसियाओ को व्यवस्थित रूप में स्थापित करने का अधिकार दिया, सारे नए और पुराने नियम में परमेश्वर अपने लोगो से नामधारी विधी या धार्मिक संस्थाओ के द्वारा नही बोला, उसने साथ ही एक व्यक्ति से बात की, उसका भविष्यव्यक्ता और वह अपने—अपने भविष्यव्यक्ताओ का आलौकिक चिन्हों के द्वारा समर्थन करता है।

परन्तु आज के विषय में क्या है? क्या परमेश्वर अब भी अपना वचन भविष्यव्यक्ताओ पर प्रकट करता है? क्या अब भी आलौकिक चिन्ह होते है? क्या परमेश्वर आज के दिनों में संसार में भविष्यव्यक्ता भेजेगा? उत्तर बिल्कुल निश्चित है।

"हाँ!"

परन्तु, जब भविष्यव्यक्ता उठता है तो हम कैसे जानेगे? वो कैसा दिखाई पड़ेगा? वो कैसा व्यवहार करेगा? वो हमें क्या चिन्ह देगा? वो कौन से वचन को पूरा करेगा?

पुराने भविष्यव्यक्ता परमेश्वर के सहासी लोग होते थे, और धार्मिक और संस्थाओ के विरोध में खड़े होने से नही डरते थे, वास्तव में ये लोग पुरोहित वर्ग के द्वारा आलोचनाओ में रहे। एल्लियाह ने अपने दिनों की धार्मिक संस्थाओ को चुनौती दी, उन लोगो से कहा यदि परमेश्वर उनके बलिदान को या उनके बलिदान को सम्मानित करेगा। वे चिल्लाये। उन्होंने भविष्वाणीयां की, वे वेदी के ऊपर कूदे उन्होंने अपने आप को खंजरो से काटा। परन्तु परमेश्वर ने उनकी नही सुनी। एल्लियाह ने आकाश की और देखकर कहा, "आज से उन पर प्रकट हो जाये कि तु ही इस्राएल में परमेश्वर है और यह की मैं उसका दास हूं। और मैंने यह सारी चींजे तेरे वचन पर की है।" और तब ओसने स्वर्ग से आग को पुकारा, ताकि बलिदान को भस्म कर दे। मिकायाह भविष्यव्यक्ता इस्राएल के राजा के बराबर में खड़ा हुआ, और सारा पुरोहितवाद जब उसने महायाजक सिद्किया को झूठी के लिए लताड़ लगाई। महायाजक ने उसके गाल पर थप्पड़ मारा, और राजा ने उसे सच बोलने पर जेल में डाल दिया। इसी प्रकार से प्रभु यीशु से उसके दिनों की धार्मिक संस्थाओ ने उससे नफरत की, कि उन्होंने उसको अपराधियों के साथ क्रूस पर चढ़ा दिया। यदि इतिहास सत्य को पकडे तो एक भविष्यव्यक्ता के द्वारा द्वेष पात्र होगा, और हठ धर्मी कहलायेगा, झूठा भविष्यव्यक्ता या बहुत ही बुरा कहलायेगा। परन्तु परमेश्वर अपने दास के साथ खड़ा होगा।

यदि आज के आधुनिक दिन में भविष्यव्यक्ता होता था, तो वह कैथोलिक के द्वारा कैसे स्वीकार किया जाता? बैप्टिस्ट कलीसिया? लूथरन कलीसिया? कोई भी नामधारी कलीसिया?

प्रभु यीशु ने, हर एक वो जो उसका विश्वास करता है, उसे वो अधिकार दिया: "और विश्वास करने वालों में ये चिन्ह होंगे, कि वे मेरे नाम से दुष्टात्माओं को निकालेंगे। नई नई भाषा बोलेंगे, सांपों को उठा लेंगे, और यदि वे नाशक वस्तु भी पी जाये तौभी उन की कुछ हानि न होगी, वे बीमारों पर हाथ रखेंगे, और वे चंगे हो जाएंगे।" (मरकुस 16:17–18)। क्या आज यह वचन सच्चा है? यदि यह सच्चा नहीं है तो प्रभु का वचन भी प्रभाव रहित होंगे? सारी बाईबिल में भविष्यव्यक्ता बिमारो को चेंगा करने के योग्य थे,

दुष्टआत्माओ को निकालना, आश्चर्यकर्मो को करना। मूसा ने इस्राएलियों के सामने पीतल के सर्प को रखा ताकि जहरीले सर्पो के काटने से बच जाये (गिनती 21: 9)। नामान, एक सामर्थी सिरियाई, एलिशा के पास पास कोढ़ से चंगा होने के लिए आया(2 राजा 5:9)। जब एक युवक ऊपर की खिड़की से गिरकर मर गया, प्रेरित पौलुस उसके ऊपर पसर गया, और मरी हुई देह में जीवन ले आया (प्रेरितों के काम 20:10)। हमारे पास, हमारे प्रभु यीशु के जीवन के लगभग साढ़े वर्ष का अभी लेख है, परन्तु इन कुछ वर्षो में वो निरंतर बिमारों को चंगा करता रहा। अंधे देखते थे कोढ़ी चंगे किये गए थे, लंगड़े चलने लगे, हर प्रकार की बिमारी चंगी की गयी थी (मती 4 :23)।

चंगाई को छोड़ परमेश्वर ने अपने भविष्यव्यक्ताओ को दूसरे प्रकार से भी प्रमाणित किया। यहाँ तक कि मनुष्यो के बहुत से गुप्त विचार परमेश्वर ने इन मनुष्यो पर प्रकट किये। राजा नबूकदनेस्सर ने एक परेशान करने वाला स्वपन देखा था, परन्तु वह याद न रख सका कि वह किस विषय में था। भविष्यव्यक्ता दानियेल ने राजा को दोनों बातें बता दी, भविष्यवाणी और स्वपन जो हुआ था (दानिएल 2:28)। जब सबा की मल्लिका सुलैमान से सामने आयी, तो वो से सुलैमान कुछ भी नही छिपा सकी । वह आत्मा से इतना भरा हुआ था कि उसके हृदय के प्रश्नों का उत्तर पूछने से पहले ही उसे बता दिए (पहला राजा 10:3)। एलीशा ने इस्राएल के राजा को वे सारी योजनाये जो सीरिया के राजा की थी, बता दी, यहाँ तक कि वे गुप्त बातें जो वह अपने शयन कक्ष में भी करता था (2 राजा 6:12)।

अपने ही व्यवहार के द्वारा, प्रभु यीशु ने अक्सर इस बात को दर्शाया कि यह परखने वाला आत्मा मसीह का आत्मा है। उसने नतनयेल के स्वाभाव को जान लिया, जब उसने कहा "देखो एक सच्चा इस्राएली जिसमें कोई कपट नहीं है।" और यीशु ने नातनयेल को और आगे बताया कि जब फिलिपुस ने उसे मसीह के विषय में बताया (यूहन्ना 1:48)। जब नतनयेल ने देखा यीशु उसके हृदय को जानता है, तो उसने तुरंत पहचान लिया कि वो मसीह है। पहली बार यीशु ने पतरस को देखा, उसने उसके पिता का नाम बता दिया, योना (यूहन्ना 1:42)। तब पतरस सब कुछ छोड़ कर सारे जीवन भर

यीशु के पीछे हो लिया। यीशु सामरी स्त्री से कुए पर मिला और उसके बीते हुए पाप बताये। उसके पहले शब्द थे, "श्रीमान, मुझे लगता है, तू एक भविष्यव्यक्ता है"(यूहन्ना 4:19)। ये सारे तीनो लोग जीवन के अलग–अलग हालातो में थे, फिर भी उन्होंने यीशु को तुरंत पहचान लिया, जब उसने आत्मा के परख के वरदान को तुरंत को प्रगट किया।

क्या यह वरदान जब बाईबल के अंतिम पन्ने लिखे गए तो लुप्त हो गए? यदि ये अद्भुत कार्य बाईबल में इतने स्पष्ट रूप में लिखे गए है, तो वे आज कहाँ पर है? एक आधुनिक दिन का भविष्यव्यक्ता निश्चय ही अद्भत कार्यो से प्रमाणित होता है।

क्या परमेश्वर अपने लोगो को भूल गया? क्या वो अब भी लोगो को चंगा करने के योग्य है? क्या वो अब भी हमसे अपने भविष्यव्यक्ता के द्वारा बोलता है? क्या किन्ही भविष्यव्यक्ताओ ने पहले से इन दिनों को देखा?

क्या ऐसी भविष्यवाणीयां है जो अब भी पूरी होनी है?

अंत के दिनों में एक भविष्यव्यक्ता की प्रतिज्ञा

पुराने नियम के सब से अंत में लिखे हुए वचन यह प्रतिज्ञा देता है, **"देखो, यहोवा के उस बड़े और भयानक दिन के आने से पहले , मैं तुम्हारे पास एलिय्याह नबी को भेजूंगा। और वह माता पिता के मन को उनके पुत्रों की ओर, और पुत्रों के मन को उनके माता पिता पिता की ओर फेरेगा; ऐसा न हो कि मैं आकर पृथ्वी को सत्यानाश करूं।"** (मलाकी 4:5–6)

प्रभु का वो बडा और भयानक दिन, अभी आना है इसलिए हमें ईमानदारी से एल्लियाह भविष्यव्यक्ता की प्रतीक्षा करनी चाहिए। बाईबल में नबी धार्मिक संस्थाओ की मुख्या धारा से नहीं आये। वे थोड़े से चुने हुए लोगो के पास आये। कल्पना करे मलाकी 4 का भविष्यव्यक्ता आता है, और पहचाना नहीं जाता। क्या हो यदि वो पुराने भविष्यव्यक्ताओ के सामान हो और केवल थोड़े से ही लोग उसे पहचाने? यदि इस भविष्यव्यक्ता को अंत के दिनों में लौटना है तो हम उसे कैसे जानेगे? वचन में उत्तर स्पष्ट दिया गया है। उसका स्वाभाव भविष्यव्यक्ता के सामान होगा। वो हृदय के विचारों को जानेगा। वो अद्भूत कार्यो को करेगा। धार्मिक संस्थाए उसकी उसकी आलोचना का यत्न करेगी। परन्तु वहां कुछ थोड़े से लोग होंगे, जो उसे आज के प्रतिज्ञा किये हुए संदेशवाहक के नाई पहचानेगे।

हम कैसे जानेगे, एल्लियाह कब वापस आता है? वो कौन से लक्षण दर्शायेगा ताकि हम हम उसे पहचान सके?

एल्लियाह जंगल में रहने वाला एक मनुष्य था। उसकी सेवकाई में बड़े बड़े चिन्ह और अदभुत कार्य हुए। उसने अपने दिन की बुराई के विरोध में प्रचार किया। उसने रानी इजाबेल की अनैतिकता के विरोध में प्रचार किया। जब एल्लियाह अग्नि के रथ में ऊपर उठा लिया गया। तब उसकी आत्मा एलिशा के ऊपर आ गयी। महान

चिन्हों और अद्भुत कार्यो ने एल्लियाह की देवकी को चिन्हित किया। दोनों नबी उस दिन की धार्मिक संस्थाओ के विरोध में अकेले खड़े थे। सेकड़ो वर्षो के पश्चात् वही आत्मा धरती पर यूहन्ना बपतिस्मा देने वाले में वापस लौटा। भविष्य व्यक्ता मलाकी ने भविष्वाणी की, एल्लियाह प्रभु का परिचय करने के लिए वापस आयेगा: *देखो, मैं अपने दूत को भेजता हूं, और वह मार्ग को मेरे आगे सुधारेगा* (मलाकी 3:1) यूहन्ना बपतिस्मा देने वाला इस बात को करता है, जैसे हमेशा होता आया था कि परमेश्वर के बालको के बीच पश्चाताप के लिए पुकारे। जैसे एल्लियाह ने राजा के विरोध में प्रचार किया और उस आधुनिक धार्मिक संस्था के लिए प्रभु यीशु ने इस बात की पृष्टी की, कि यूहन्ना बपतिस्मा देने वाला मलाकी 3 का भविष्यव्यक्ता था। मती की पुस्तक (11:10) में, यह वही है, जिस के विषय में लिखा है, कि "देख; मैं अपने दूत को तेरे आगे भेजता हूं, जो तेरे आगे तेरा मार्ग तैयार करेगा।" लुका 1:17 कहता है, एल्लियाह का आत्मा (एलिशा) यूहन्ना बपतिस्मा देने वाले में होना था, और *वह एलिय्याह की आत्मा और सामर्थ में होकर उसके आगे आगे चलेगा, कि पितरों का मन लड़के बालों की ओर फेर दे।* परन्तु ध्यान दे, मलाकी 4 का दूसरा भाग, इसको अभी पूरा होना है... *और पुत्रों के मन को उनके माता पिता की ओर फेरेगा; ऐसा न हो कि मैं आकर पृथ्वी को सत्यानाश करूं,* वचन का यह दूसरा भाग मसीह के दूसरे आगमन से पहले पूरा होगा।

दो हजार वर्षो के बाद यूहन्ना बपतिस्मा देने वाला, अब फिर से वही समय है कि एल्लियाह का आत्मा धरती पर वापस आये।

वह आ गया है! इस युग में हमने एल्लियाह के आत्मा को वापस आते देखा है, उसने आधुनिक नामधारी व्यवस्था को चुनोती दी है। वो सारे पापो के विरोध में खड़ा हुआ। उसने अनगिनत चिन्ह और अद्भूतकार्य किये। उसने बाईबल का हर एक अक्षर प्रचार किया, उत्पती से लेका प्रकाशितवाक्य तक। मलाकी 4 का भविष्यव्यक्ता प्रतिज्ञा के अनुसार आया और वह सर्वशक्तिमान परमेश्वर के सिंहासन से सन्देश को लेकर आया। उस भविष्यव्यक्ता का नाम **विलीयम मेरियम ब्रन्हम** है। हम उन्हें "भाई ब्रन्हम" कहकर बुलाते है।

"विलीयम ब्रन्हम, जिससे मैंने प्रेम किया और परमेश्वर के भविष्यव्यक्ता के होने का विश्वास किया।" ओरल रोबर्ट का मशहूर प्रचारक और ओरल रोबर्ट विश्वविद्यालय के संस्थापक।

"विलीयम ब्रन्हम हमारी यात्रा में परमेश्वर के भविष्यव्यक्ता के सामान आया और हमें बीसवी सदी में सिद्ध रूप से उन्ही बातों को दर्शाया, जो हमें सुसमाचार में दिखाई गयी... परमेश्वर ने अपने लोगो पर दृष्टी की, क्योंकि हमारे बीच एक महान भविष्यव्यक्ता खड़ा हुआ।" डॉक्टर टी. एल. ओसबर्न, पेंटीकोस्टल प्रचारक और सम्पादित लेखक।

"व्यक्ति के लिए प्रार्थना करने से पहले वह संबधित व्यक्ति के विषय में ठीक ठीक वर्णन देता था और उसके जीवन का विस्तार वर्णन, उनके नगर, कार्य, व्यवहार और यहाँ तक की उनके बाल्यकाल का। भाई ब्रन्हम ने कभी भी कोई गलती नही की वचन की जानकारी में इन वर्षो में जब में उनके साथ था। मेरे मामले में हजारों उदाहरण है।" अर्न प्रचारक, प्रबंधक, ब्रन्हम अभियान के सात वर्षो में और ब्रिटिश न्यू चर्च के आन्दोलन के मूल अगुओ में से एक।

जब से यीशु मसीह धरती पर चला फिरा किसी भी मनुष्य ने संसार को इतनी गहनता से प्रमाणित नही किया। एक नम्रता में आरंभ हो कर पहाड़ो के एक कमरे के झोपड़े, केन्टकी से अमरीलो टेक्सास में जहाँ से प्रभु ने उसे घर बुला लिया, उसका जीवन निरंतर आलौकिक घटनाओं से चिन्हित किया गया। 1946 में प्रभु के स्वर्गदूत के निर्देशक में भाई ब्रन्हम की चिंगारी ने उस युग में चंगाई की बेदारी की आग लगा दी, जो सारे अमेरिका और संसार में फैल गई। आज के दिन वह मसीही इतिहासकारो के द्वारा एक पिता और गति निर्धारक धावक के रूप में जाना गया। 1950, का चंगाई अभियान जिसने पेंटीकोस्टल की कलीसिया के बदलाव और अंत में मसीही आन्दोलन को उठाया जो कि आज भी हर नामधारी प्रोटेस्टेंटो पर प्रभाव डालता है। जो भी है हमेशा की तरह, नामधारियो ने उसकी शिक्षाओं और उसके अधिकार को नाकार दिया।

जहाँ कहीं भी वह गया, परमेश्वर ने भाई ब्रन्हम को इस पीढ़ी के लिए भविष्यव्यक्ता प्रमाणित किया, जैसे अय्यूब, प्रभु ने उससे चक्रवात में से होकर बात की, जैसे मूसा अग्नि का स्तम्भ उसकी अगुवाई करता

दिखाई पड़ा, जैसे मिकायाह, उन धर्मगुरूओ के द्वारा निंदा की गयी, जैसे एल्लियाह, वह जंगल में रहने वाला मनुष्य था, जैसे यर्मयाह, उसे स्वर्गदूत के द्वारा अधिकार दिया गया, जैसे दानियेल उसने भविष्य के विषय में दर्शन देखे, जैसे प्रभु यीशु, उसने ह्रदय के विचारों को जान लिया, और जैसे पौलुस, उसने बिमारो को चंगा किया।

प्रभु ने फिर से अपने लोगों पर भविष्यव्यक्ता के द्वारा दृष्टी की है। इतिहास में अंधकार के समय जहाँ नैतिकता इतनी नीचे चली गयी, जैसा पहले कभी नही देखा गया, और नरसंहार के हथियारो का साया सारे क्षितिज पर था, एक नम्र व्यक्ति परमेश्वर की उपस्थिति में से भेजा गया, जो की मरती हुई जाति को प्राश्चित के लिए पुकारे।

प्रिय चेले यूहन्ना ने प्रभु यीशु के विषय में लिखा:

और भी बहुत से काम हैं, जो यीशु ने किए; यदि वे एक एक करके लिखे जाते, तो मैं समझता हूं, कि पुस्तकें जो लिखी जातीं वे जगत में भी न समाती। (यूहन्ना 21:25)

यही बात भाई ब्रन्हम के जीवन के विषय में कही जा सकती है। उपदेशो के 1200 से अधिक टेप है, जिसमें उसके जीवन की हजारों बातें इस सहासी व्यक्ति की है, फिर भी हम लगातार उसकी नई–नई गवाहीयां लाखो लोगों के जीवन में उसके प्रभाव की सुनते है, यह पुस्तिका परमेश्वर के जन का जो प्रभाव संसार पर पड़ा उसकी सतह को, कभी भी थोडा सा नही खुरोच पायेगी।

आरम्भ

"जब मैं वहां केन्टकी के छोटे से झोपड़े में जन्मा प्रभु का स्वर्गदूत खिड़की में से आकर वहां खड़ा हो गया। वहां एक अग्नि का स्तम्भ था।"

अप्रैल के आकाश में भोर ने अंधेरे की ठंडक को भेदना आरंभ कर दिया था। एक ही लकड़ी की खिड़की ऊपर खींच कर खुलती थी। जिससे भोर का उजियाला उस छोटे से कमरे में आ जाये। आज की सुबह खिड़की के सामने एक छोटी सी रोबिन बहुत ही विशेष उत्तेजित लग रही थी, और अपने पुरे दम से गा रही थी। झोपड़े के अन्दर नौजवान चाल्स ब्रन्हम अपनी नई पेंट की जेब अपने हाथ डाले खड़े थे, और अपनी 15 वर्षीय पत्नी को देखा, "हम इसका नाम विलीयम बुलायेंगे," पिता ने कहा।

खिड़की में से आलौकिक ज्योति आयी और वो ज्योति सारे कमरे में घुमने लगी, और पलंग पर मंडराने लगी, जहाँ पर बालक ने तभी जन्म लिया था, यह वही ज्योति थी, जो इस्राएलियो को मिस्त्र से बाहर निकल कर लायी थी, यह वही ज्योति थी जिसने दाश्मिक जाते हुए पौलुस से भेंट की थी। और यह उस छोटे बालक की अगुवाई करेगा, जो इस संसार में से मसीही की दुल्हन को बुलायेगा। वो ज्योति प्रभु के दूत को छोड़ और कुछ नही नही था। वह अग्नि का स्तम्भ और वो एक बार फिर, यह मनुष्य पर प्रगट हुआ।

और वहां इस छोटे लकड़ी के कमरे में उस प्रात: अप्रैल के छठे दिन, दाई ने खिड़की खोली ताकि उजियाला अन्दर आ सके और माँ और पिता देख सके कि मैं कैसा दिखता हूं। तब एक ज्योति तकीये जितनी बड़ी घुमती हुई खिड़की से अन्दर आयी, जहाँ पर मैं था, वहां घूमी और पलंग पर आ गयी। वहां पर बहुत से पहाड़ी के लोग खड़े थे, वे चिल्ला रहे थे।

विलीयम ब्रंहम का जन्म स्थान, बुर्केसविल, केन्टकी।

वो मामूली सा घर पहाड़ी में केन्टकी के दक्षिण में था, एक छोटे नगर बरकसविले के पास। तारीख, 6 अप्रैल 1909 थी। वो बालक, वे जो आगे जन्म लेने वाले थे, जो चाल्स और ईला से होने वाले थे, उनमें में पहला था।

यह अधिक समय नही हुआ इसके पहले कि प्रभु, युवा विलीयम ब्रन्हम से मिलने फिर से आया।

जब एक बालक ही था, स्वर्गदूत उससे यह कहते हुए मिला कि वह अपने जीवन में न्यू अल्बनी नगर के पास जीवन बितायेंगे। वह घर गया, और अपनी माँ को बताया कि अभी क्या हुआ। किसी भी माँ की तरह उसने इस कहानी की तरफ अधिक ध्यान नही दिया, और उसे लेटा दिया, जिससे उस अधीर बालक को शांत करे। दो वर्षो के बाद उसका परिवार, जेफरसनविले, इंडियाना चला गया, दक्षिण इंडियाना के नगर न्यू अल्बनी से कुछ मील दूर।

कुछ वर्षो के बाद उस स्वर्गदूत ने फिर से उस युवा भविष्यव्यक्ता से बात की। यह दिसम्बर का महिना था, गर्म सूरज की रोशनी के साथ जो की रंगीन शरत की पत्तियों में से आ रही थी। वो लड़का लडखडाता हुआ चल रहा था, क्योंकि वह दो बाल्टी पगडण्डी से होकर ला रहा था। भुट्टे का छिलका उस चोट पर लगे पैर के पंजो पर बांधे हुए था, ताकि उसे मिट्टी से बचा सके। वह सुस्ताने के लिए पेड़ के नीचे बैठ गया, उसकी आँखो से आंसू निकल रहे थे, वह

अपने दुर्भाग्य पर रो रहा था, उसके मित्र पास के मछली पकड़ने के स्थान पर आनंद मना रहे थे और यह अपने पिता के लिए पानी भरकर ला रहा था। अचानक से उसके सिर के ऊपर पेड़ पर चक्रवात घुमने लगा। उसने अपनी आँखों को पोंछा और अपने पैर पर खड़ा हो गया, वो हवा में हिलती ही पत्तियों की आवाज को सुन रहा था... परन्तु उधर हवा नही चल रही थी। उसने ऊपर की और देखा और पोपुलर पेड़ की आधे से ज्यादा पत्तियां हिल रही थी, कुछ तो उन सुखी पत्तियों को हवा से उड़ा रहा था।

अचानक से एक आवाज बोली, "शराब या सिगरेट नही पीना या अपने शरीर को किसी भी प्रकार से दूषित नहीं करना, तुम्हारे लिए एक काम को रखा गया है, जब तुम बड़े हो जाओगे।" सात वर्ष के उस डरे हुए लड़के ने अपनी दोनों बाल्टियो को छोड़कर और वह माँ के पास भाग गया।

जैसे की शमुएल भविष्यव्यक्ता, परमेश्वर ने फिर से एक बालक से बात किया।

कुछ सप्ताओ के बाद, वह अपने छोटे भाई के साथ पत्थरों में खेल रहा था। उसके ऊपर एक विचित्र सी अनुभूति हुई, अपनी दृष्टी से ओहियो नदी पर की ओर एक सुन्दर सा पुल देखा, जैसे ही पुल नदी के पार पहुंचा, 16 लोग गिर कर मर गए। इस युवा भविष्यव्यक्ता ने अपना पहला दर्शन देखा। उसने अपनी माँ को बताया और उसने इस बात को लिख कर रखा। वर्षो बाद वे 16 व्यक्ति पुल पर से गिर कर मर गए, जब वो दूसरा पुल लुईसविल और केन्टकी के बीच ओहियो नदी के ऊपर बन रहा था।

प्रभु उसको भविष्य के दर्शन दे रहा था। जैसे की उसने अपने पहले के भविष्यव्यक्ताओ को दिए थे।

दर्शन कभी असफल नही होता।

वे युवाअवस्था वर्ष

अपने सारे जीवन भर भाई ब्रन्हम जंगल में रहना चाहते थे। 18 वर्ष की आयु में उसने इंडियाना को उबड़ खाबड़ पहाड़ो पर जाने के लिए छोड़ दिया। वह एरिज़ोना में अधिक समय तक नही रुक सका। इसके पहले वह वापस जाने के लिए बाध्य हो गया था।

एक दिन मैंने निर्णय लिया कि मैंने इस बुलावट से पीछा छुडाने के लिए रास्ता ढूढ लिया। मैं पश्चिम में चारागाहो में काम करने के लिए चला गया था। मित्र, परमेश्वर बस इतना ही महान है जितना वह किसी भी स्थान में में रहा है। हो सकता है आपको मेरे अनुभव से लाभ मिले। जब वह आपको बुलाता है तो उसे उत्तर दे।

एक दिन, सितम्बर एक 1927 सुबह में, मैंने अपनी माँ को बताया, मैं एक शिविर वाली यात्रा पर टनल मील पर जा रहा हूं, जो की जेफरसनविले से लगभग 14 मील दूर था, जहाँ मैं उस समय रहा करता था। मैंने एरिजोना यात्रा की योजना पहले ही अपने मित्रो के साथ बना ली थी। जब माँ ने मुझ से यह दो बार सुना, मैं टनल मील में नही था, परन्तु फिनिक्स, एरिजोना में था, परमेश्वर के प्रेम से भाग रहा था। कुछ समय के लिए चारागाह का जीवन बहुत अच्छा था, परन्तु संसार के किसी भी सुख की तरह यह जल्द ही पुराना हो गया है। परन्तु, क्या मैं यहाँ, परमेश्वर की महिमा हो, कह सकता हूं, यीशु के साथ यह अनुभव हर समय मीठा और मीठा होता चला जा रहा है, और कभी पुराना नही होता। यीशु हमेशा ही सिद्ध शांती और चैन देता है।

कितनी बार मैंने हवा को ऊँचे चीड के पेड़ो में से बहता हुआ सुना है। यह ऐसा प्रतीत हुआ मानो कि मैं उसकी पुकार को जंगल में होते हुए सुन सकता हूं, जो की कह रही हो, "आदम तू कहाँ है? " सितारे इतने समीप थे कि आप उन्हें अपने हाथों से तोड़ सकते है। परमेश्वर बहुत ही समीप होता दिख रहा था।

उस क्षेत्र के विषय में एक बात कि रेगिस्तान में की सड़के। यदि आप कभी सड़क से उतर गए, तो आप आसानी से खो जायेंगे। बहुत सी बार पर्यटक रेगिस्तान में छोटा फूल देखते है, और

उन्हें तोड़ने के लिए राजमार्ग से हट जाते है। वे रेगिस्तान में भटकते और खो जाते है ओर कभी–कभी प्यास से मर जाते है, ऐसा ही मसीहत की राह में है। परमेश्वर का एक राजमार्ग है। उसने इस विषय में यशायाह 35 वे अध्याय में बोला है। "यह पवित्रताई का राज मार्ग है।" बहुत सी बार संसार का छोटा सा सुख आपको राजमार्ग से हटा देता है। तब आप परमेश्वर के साथ अपना अनुभव खो देते हो। उस रेगिस्तान में जब आप खो जाते हैं और वहा कभी–कभी मृग मिरिचिका भी प्रगट होती है। उन लोगों को जो प्यास से मर रहे होते हैं। वह मिरिचिका एक नदी या झील होगी। बहुत सी बार लोग उसके पीछे भागते हैं, और उसमें गिर कर अपने आपको बस गर्म रेत में नहाता हुआ पाते हैं। कभी–कभी शैतान आपको कुछ दिखाता है, जिसे वह कहता है, यह एक अच्छा समय है। यह बस एक मिरिचिका है, यह कुछ जो वास्तविक नहीं है। यदि आप सुनें तो आप अपने आप को अपने सिर पर दुखो के ढ़ेर में पायेंगे। प्रिय पाठको, उसकी ना सुनना। यीशु का विश्वास करना जो तुम्हें जीवित जल देता है, और उनको जो भूखे और प्यासे हैं।

एक दिन मुझे घर में चिठ्ठी मिली जिसमें लिखा था कि तुम्हारा भाई बहुत बीमार है। यह एडवर्ड था, मेरे से छोटा। निसन्देह मैंने सोचा यह कोई गम्भीर बात नहीं है। इसलिए मैंने विश्वास किया कि ठीक हो जायेगा। परन्तु कुछ समय बाद एक दिन शाम को जब मैं शहर से आ रहा था जैसे कि मैं अपने भोजनालय हाल से हो कर निकला उस चरागाह के लिये, मैंने टेबल पर एक कागज देखा मैंने उसे उठाया, इसमें लिखा था, "बिल उत्तरी चरागाह से वापस आ जाओ बहुत ही जरूरी है।" इस टिप्पणी को पढ़ने के बाद एक दोस्त और मैं चरागाह पर निकल गये। पहला व्यक्ति जो मुझे मिला एक अकेला शानदार चराने वाला जो चरागाह पर काम करता था। उसका नाम डर्फी था, परन्तु हम उसे 'पोप' कह कर बुलाते थे उसके चेहरे पर उदासी छायी हुई थी, जैसे उसने कहा "बिली लड़के, मेरे पास तुम्हारे लिए बुरी खबर है," उसी समय फोरमैन चलता हुआ आया। उन्होंने मुझे बताया कि अभी–अभी तार आया है। और मुझे मेरे भाई की मृत्यु के विषय में बताया।

प्रिय मित्र, क्षण भर के लिए में जड़ गया। हमारे परिवार में यह पहली मृत्यु थी। परन्तु मैं कहना चाहता हूं, पहली बात मैंने सोचा क्या वह मरने के लिए तैयार ही था। जैसे ही मैं घूमा और

मैंने उस पीली प्रेयरी के पार देखा, आंसू मेरे गालों पर बहने लगे, मुझे कैसे याद आया, हमने कैसे मिल कर संघर्ष किया जब हम छोटे लड़के थे, और हमारे लिए यह कितना कठिन था।

हम बहुत थोड़ा खा कर स्कूल गये। पंजे हमारे जूतो से बाहर निकले रहते थे, और हमें पुराने कोट पहनने पड़ते थे। जिनकी गर्दन पर पिन लगी रहती थी, क्योंकि हमारे पास कोई कमीज नहीं होती थी। मुझे याद आया की एक बार मां ने पोपकोर्न, एक डिब्बे में दोपहर के खाने के लिए दिये थे। हम बाकी बच्चों के साथ नहीं खाते थे। हम उनके समान खाना नहीं खा सकते थे, जो वे खाते थे। हम पहाड़ी पर चले जाते और खाते। मुझे याद है वह दिन, हमारे पास पोपकोर्न थे, हमने सोचा यह बढ़िया दावत है। मैं निश्चित था कि मैंने अपना हिस्सा ले लिया है, दोपहर से पहले मैं गया और मैंने मुट्ठी भर उसमेंसे ले लिया था, इसके पहले कि मेरा भाई अपना हिस्सा लेता।

मैं वहां खड़ा हुआ देख रहा था कि सूरज ने प्रयरी को झुलसा दिया, मैंने इन सब बातों को याद किया और आश्चर्य चकित था, यदि परमेश्वर उसे इससे अच्छी जगह ले गया। तब फिर परमेश्वर ने मुझे बुलाया, परन्तु जैसा कि अक्सर, मैंने इससे संघर्ष करने की कोशिश की।

मैंने अन्तेष्टी के लिए, घर जाने की तैयारी कर ली। जब आदर्णिय मैकिंग पोर्ट फोल्टन चर्च के, वह व्यक्ति जो मेरे पिता समान था, उसने अन्तिम संस्कार पर प्रचार किया, उसने कहा, "हो सकता है यहां बहुत से हो जो परमेश्वर को नहीं जानते, यदि ऐसा है, तो उसे अभी स्वीकार कर ले," और ओह मैंने कैसे अपनी कुर्सी को पकड़ लिया, परमेश्वर मुझ से फिर व्यवहार कर रहा था। प्रिय पाठक, जब वह बुलाये तो उसे उत्तर दे।

मैं कभी नहीं भूलुंगा कि अन्तेष्टी के बाद कैसे मेरे पिता और मां रोये थे। मैं वापस पश्चिम में चले जाना चाहता था, परन्तु मां ने इतना आग्रह किया कि मैं घर पर ही रहूं, अन्त में मैं सहमत हो गया कि रह जाऊंगा, यदि मुझे काम मिल सकेगा। जल्द ही मुझे इन्डियाना में पब्लिक सर्विस कम्पनी में नौकरी मिल गई।

लगभग दो वर्षों बाद, जब मैं मीटर सुधारने की जगह मीटरो की जांच कर रहा था। वहीं न्यू अल्बनी में मुझे गैस चढ गई और हफ्तो, मैं उससे पीडीत रहा। जितने डाक्टरों को मैं जानता था

सबके पास गया, मुझे कोई आराम नहीं मिला। मुझे पेट में एसीडिटी की शिकायत हो गई, यह गैस के प्रभाव से मुझे हुआ। सारे समय यह बिगड़ता ही चला गया, मुझे, लुईसविल इन्डियाना, एक विशेषज्ञ के पास ले जाया गया, अन्त में उन्होंने कहा यह मेरी अपेन्डिक्स थी और कहा, मेरा ऑपरेशन होना है। मैंने इसका विश्वास नहीं किया, क्योंकि मुझे कभी भी एक ओर दर्द नहीं हुआ। डॉक्टर ने कहा, जब तक हम ऑपरेशन ना कर लेंगे। कुछ नहीं कर सकते। अन्त में मैं सहमत हो गया कि कर लो, परन्तु इस बात पर ज़ोर दिया, वे मुझे लोकल सुन करने की दवा देंगे, ताकि मैं ऑपरेशन देख सकू।

ओह, मैं चाहता था कि कोई मेरे बराबर में खड़ा हो जो परमेश्वर को जानता हो। मैंने प्रार्थना में विश्वास किया था, परन्तु प्रार्थना कर नहीं सकता था। इसलिए एक सेवक पहले बैपटिस्ट चर्च से मेरे साथ ऑपरेशन के कमरे में गया।

जब उन्होंने मुझे टेबल पर से बिस्तर पर लिटाया, मैं अपने आप में बहुत कमजोरी महसूस कर रहा था। मैं अपने में और कमजोर और कमजोर अनुभव कर रहा था। सारे समय कमजोरी में मेरा हृदय धीमी गति से धड़क रहा था। मुझे अपने ऊपर मृत्यु का अनुभव हो रहा था। लगातार मेरी सासे छोटी होती जा रही थी। मैं समझ गया कि मैं अपने जीवन के अन्तिम छोर पर आ गया हूं। और मित्र जब तक आप वहां एक बार नहीं पहुंच जाते, प्रतीक्षा करे, तब आप बहुत सी बातें याद करेगे जो आपने की हैं। मैं जानता था कि मैंने कभी धूम्रपान नहीं किया ना शराब या कोई गन्दी आदत, परन्तु मैं जानता था कि मैं परमेश्वर से मिलने के लिए तैयार नहीं हूं।

मेरे मित्र, यदि आप केवल ठंडी गुनगुनी कलीसिया के सदस्य है, आप जान जायेगे, जब आप अन्त में पहुंचते हैं, कि आप तैयार नहीं हैं। इसलिए यदि आप कुल मिला कर मेरे परमेश्वर के विषय में जानते हैं तो मैं आप से कहता हूं कि आप ठीक

यहीं अपने घुटने टेक ले और यीशु से नये जन्म के अनुभव को मांगे, कि आपको दे, जैसा कि उसने निकोदीमस को यूहन्ना के तीसरे अध्याय में बताया और ओह! कैसी आनन्द की घंटियां बजेगी। उसके नाम की महिमा हो।

अस्पताल के कमरे में अंधकार बढ़ने लगा जैसे कि मैं मानो घने जंगल में हूं। मैं हवा को पत्तियों में से बहते हुए सुन सकता था, फिर भी ऐसा प्रतीत हुआ जंगल में बड़े रास्ते पर से मैं हट गया हूं। सम्भवतः आपने पत्तियों में बहती हुई हवा के झोके को सुना होगा जो कि आपके पास और पास आता जाता है। मैंने सोचा, "यह मृत्यु मुझे लेने आ रही है।" ओह! मेरा प्राण परमेश्वर से मिलने वाला था, मैंने प्रार्थना करने का यत्न किया, परन्तु नहीं कर सका।

हवा जोर से और जोर से पास आ रही है, पत्तियां एक दम से फड़फडाने लगी मैं चला गया था।

तब मुझे ऐसा प्रतीत हुआ कि मैं फिर से एक नंगे पैर छोटा लड़का उसी पथ पर उसी पेड़ के नीचे खड़ा हूं। मैंने फिर वही आवाज सुनी जिसने कहा था, "कभी ना शराब पीना ना धूम्रपान करना," और पत्तियां जिनकी आवाज सुनी वही थी, जो उस दिन उस पेड़ पर हवा से फड़फडाई थी।

परन्तु इस बार आवाज ने कहा, "मैंने तुझे बुलाया और तू नहीं जायेगा," उसने इसे तीसरी बार दोहराया।

तब मैंने कहा, "प्रभु यदि यह तू है, तो मुझे फिर से धरती पर वापस जाने दे और मैं तेरा सुसमाचार घर की छत से सड़क के कोने से प्रचार करूंगा। मैं हर एक को इसके विषय में बताऊंगा!"

जब यह दर्शन चला गया, मैंने पाया कि मैंने कभी भी अच्छा अनुभव नहीं किया। मेरा ऑपरेशन करने वाला डॉक्टर अब भी अस्पताल में था। वह आया और उसने मुझे देखा और आश्चर्य चकित हो गया। उसने मुझे ऐसे देखा, जैसे कि मैं मरा हुआ हूं, तब उसने कहा, "मैं आराधनालय जाने वाला व्यक्ति नहीं हू, मेरा (प्रेक्टिस) कार्य अभ्यास बहुत ज्यादा है। परन्तु मैं जानता हूं कि परमेश्वर ने इस लड़के पर दृष्टी की है," उसने ऐसा क्यों कहा, मैं नही जानता। किसी ने इस विषय में कुछ नहीं कहा। यदि यह मुझे मालूम होता, तो मैं अब भी यह जानता हूं कि मैं उस पलंग पर से उठते हुए चिल्लाता, उसके नाम की महिमा करता।

कुछ दिनों के बाद, मुझे घर जाने को कह दिया गया, परन्तु मैं अब भी बीमार था, और मुझे अपनी आंखों पर उस दृष्टी वैषम्य के कारण चश्मा लगाने के लिए मजबूर होना पड़ा। मेरा सिर हिलता, जब मैं किसी चीज को क्षण भर के लिए देखता।

मैंने परमेश्वर को ढूंढना शुरू कर दिया, मैं कलीसिया से कलीसिया आने–जाने लगा। एक स्थान ढूंढने को यत्न करने लगा, जहां पर पुराने समय की तरह, वेदी की बुलाहट होती हो। दुख की बात यह है कि मैं एक भी ऐसा स्थान को नही पा सका।

मैंने कहा यदि मैं कभी भी एक मसीही हुआ, तो मैं वास्तव में एक मसीह होऊंगा। एक सेवक ने मुझे जब यह टिप्पणी करते सुना, बोला, "अब, बिली लड़के, तो तुम कट्टरपन में होने जा रहे हो," मैंने कहा यदि कभी मेरे पास धर्म हुआ तो जब यह आयेगा तो मैं उसे अनुभव करना चाहता हूं जैसा कि चेलो ने किया।

ओह, उसके नाम की महिमा हो। बाद में मुझे वह धर्म प्राप्त हुआ, और वह अब भी मेरे पास है और उसकी सहायता से, मैं इसे सदा बनाये रखूंगा।

एक रात्रि, मैं परमेश्वर के लिए बहुत भूखा हो गया और एक वास्तविक अनुभव, कि मैं पिछवाडे घर के छप्पर के नीचे चला गया और प्रार्थना करने की कोशिश करने लगा। मुझे नहीं मालूम कि मैं प्रार्थना कैसे करू और इसलिए मैं बस उससे बातें करने लगा जैसे कि मैं किसी से भी बात करता हूं। एक दम से वहां छप्पर (शेड) के नीचे ज्योति आयी और एक सलीब बना दी, और उस सलीब में से एक आवाज मुझ से बोली, जिसे मैं नहीं समझ सका। फिर वह चली गई। मैं सतब्ध रह गया। जब मैं फिर अपने आपे में आया, मैंने प्रार्थना की "प्रभु यदि यह आप ही थे,तो कृपया आये और मुझ से फिर बात करे।" जब से मैं अस्पताल से घर आया था, मैं बाइबल पढ़ा करता था और मैंने पहला यूहन्ना 4 में पढ़ा "प्रियो हर आत्मा का विश्वास ना करो, परन्तु उन्हें परखो कि वे परमेश्वर की ओर से हैं।"

मुझे मालूम था कि एक आत्मा मुझ पर प्रगट हुआ है, और जैसे ही मैंने प्रार्थना की, यह फिर से प्रगट हुआ है। तब मुझे यह प्रतीत हुआ कि मेरे प्राण पर से हजारो पौण्ड का वजन हट गया। मैं कूदा और घर कि तरफ भागा और ऐसा लग रहा था मैं हवा में भाग रहा हूं।

मां ने पूछा, "बिली तुम्हें क्या हुआ?" मैंने उत्तर दिया, "मुझे नहीं मालूम परन्तु मैं निश्चित हू, मुझे बहुत अच्छा और हल्का लग रहा है।" फिर मैं घर में नहीं टिक सका, मैं बाहर निकल कर भागने लगा।

तब मैं जान गया यदि परमेश्वर मुझ से प्रचार करवाना चाहता है, तो वह मुझे चंगा कर देगा। इसलिए मैं एक आराधनालय में गया, जो तेल से अभीषेक करने में विश्वास करते थे और मैं तुरन्त ही ठीक हो गया। मैंने देखा कि उन चेलो के पास कुछ था, जो कि आज बहुत से सेवकों के पास नही है। चेलो का पवित्र आत्मा के द्वारा बपतिस्मा हुआ था, इसलिए बीमार चंगे हो सकते थे और उसके नाम से बड़े–बड़े आश्चर्यकर्म कर सकते थे। इसलिए मैंने पवित्रआत्मा के बपतिस्में के लिए प्रार्थना करनी आरम्भ कर दी और यह मिल गया।

एक दिन, लगभग छः महीने बाद, परमेश्वर ने मुझे मेरे हृदय की इच्छा दे दी। वह मुझ से एक बड़ी ज्योति में बोला, मुझ से कहने लगा जा कर प्रचार कर और बीमारों के लिए प्रार्थना कर और वह चाहे जो बीमारी हो उन्हें चंगा करेगा। मैंने प्रचार करना आरम्भ कर दिया और जो उसने मुझ से कहा, इसे करना आरम्भ कर दो। ओह मित्र, मैं आपको क्या–क्या हुआ, बताना शुरू नही कर सकता, अंधो की आंखे खुल गई, लंगड़े चल पड़े। कैंसर ठीक हो गये, और सब प्रकार के आश्चर्यकर्म किए गए।

एक दिन, दो सप्ताह की बेदारी के बाद फुट स्प्रिंग स्ट्रीट, जैफसनविले, इन्यिोना में, मैं 130 लोगों को बपतिस्मा दे रहा

था, यह गर्म अगस्त का दिन था, और वहां लगभग 3000 लोग उपस्थित थे। मैं 17 वें व्यक्ति को बपतिस्मा देने वाला था, तब अचानक से, मैंने वह शांत सी छोटी आवाज फिर से सुनी और इसने कहा, "ऊपर देखो" आकाश उस अगस्त के दिन में बिल्कुल साफ था, पिछले तीन सप्ताह से कोई वर्षा नहीं हुई थी। मैंने फिर से आवाज को सुना और फिर तीसरी बार इसने कहा, "ऊपर देखो।"

मैंने ऊपर देखा, वहां आकाश में एक बड़ा चमकता तारा, जिसे मैंने पहले, बहुत बार देखा था, परन्तु इसके विषय में मैंने आपको नहीं बताया। बहुत सी बार मैंने लोगों को बताया कि यह प्रगट हुआ तो वे बस, हंसते और कहते, "बिल तुम यह कल्पना कर रहे हो या हो सकता है तुम्हें स्वप्न दिखाई दे रहा था।" परन्तु परमेश्वर की महिमा हो, इस बार उसने स्वयं को प्रगट रूप में सबको दिखा दिया, क्योंकि यह मेरे इतने समीप आ गया कि यहां तक की मैं बोल भी ना सका। कुछ क्षणों के बाद मैं चिल्लाया और बहुत से लोगों ने मेरे ऊपर सितारे को देखा। कुछ बेहोश हो गये, दूसरे चिल्लाने लगे और कुछ दूसरे भाग गये। तब सितारा वापस आकाश में चला गया और वह स्थान जहां से वह गया, लगभग 15 वर्ग फूट का था और इस स्थान में हिलावट होती रही और हिलावट होती रही जैसे कि लहरे हिचकोले मार रही थी। वहां उस स्थान पर एक छोटा बादल बन गया, और यह सितारा इस छोटे से बादल में समा गया।

जैसे, यूहन्ना बपतिस्मा देने वाला, यह भविष्यव्यक्ता बपतिस्मे के जल में प्रमाणित किया गया।

दर्शन निरन्तर चलते रहे। उसे उसके पुरोहित साथियों के द्वारा बताया गया कि ये दर्शन परमेश्वर की ओर से नहीं है। उसे बताया गया कि वह प्रेत आत्मा से ग्रस्त है। इससे इसे गहरा आघात पहुंचा, यह उठाने के लिए बोझ बहुत अधिक था, इसलिए वह जंगल में परमेश्वर की इच्छा को मालूम करने के लिए चला गया। उसने यह प्रतिज्ञा ली कि वह बिना उत्तर पाये वापस नहीं जायेगा। वहां एक पुराने सामानों का कमरा था, प्रभु के दूत ने उसे उसका अधिकार दिया। दूसरी बातों के बीच दूत ने उसे यह बताया। "यदि तू लोगों का विश्वास अपने ऊपर करवा लेगा और प्रार्थना करते समय निष्कपट रहे, तो तेरी प्रार्थना के सामने कुछ भी नहीं रूकेगा, यहां तक की कैंसर भी नहीं।"

सारे सन्देह मिट गये, अब उसके पास साहस के साथ आगे बढ़ने का अधिकार था। चंगाई की बेदारी आरम्भ हो गई थी।

हजारों, लाखों लोग ब्रन्हम की बेदारी में आने लगे। प्रभु यीशु मसीह के नाम से हजारों लोग चंगे हो गये। दूसरे सुसमाचार के प्रचारक जैसे ओरल रोबर्ट, टी.एल. ओजबर्न और ए.ए.ऐलन ठीक भाई ब्रन्हम के पीछे चल पड़े, और अपनी चंगाई सभाये आरम्भ कर दी। प्रभु ने आशीषों की ऐसी वर्षा की, जैसी पहले कभी नहीं हुई। यीशु मसीह के चंगा करने वाले हाथ ने लोगों को एक बार फिर से छुआ।

"परमेश्वर के इस ताजा वरदान को जो कलीसिया में हमारे प्यारे भाई विलीयम ब्रन्हम को दिया, यह शानदार चंगाई का वरदान। मैं अक्सर आनन्दित होकर रोया हूं। परमेश्वर का यह मामला कि इतनी बहुतायत, जो कि ये सबसे ऊपर है, कर रहा है, जितना कि हम उससे मांग या सोच सकते हैं (इफि :3:20) क्योंकि मैंने कभी ना तो देखा या पढ़ा है, जो भाई विलीयम ब्रन्हम की सेवकाई के बराबर हो।"

आदर्णिय एफ.एफ.बोसवर्थ संसार के जाने माने प्रचारक और असम्बेली ऑफ गोड, नामधारी के पिता और संस्थापक, और जैसा कि, आधुनिक पेन्तेकोस्तल का अभियान।

"एक घटना में, हमने देखा कि वह खाट पर पड़े हुए व्यक्ति से बात कर रहे थे। पहले तो उस व्यक्ति की ओर से कोई भी समझदारी वाला प्रति उत्तर नहीं आया। तो फिर पास खड़ी हुई पत्नी ने सारी बात स्पष्ट की कि यह व्यक्ति केवल कैंसर से ही नहीं मर रहा है। परन्तु बहरा भी था, और जो बोला जा रहा था सुन नहीं सकता था।

तब भाई ब्रन्हम ने कहा कि अवश्य है यह व्यक्ति सुने जिससे वो सामर्थ पाये ताकि वह कैंसर की चंगाई के विषय में उसे बता सके। एक क्षण की प्रार्थना से वह एक दम से सुनने लगा। उस आदमी के गाल पर बड़े–बड़े आंसू बहने लगे, जिसका चेहरा सारी सांझ भावहीन और शांत रहा था। उसने बहुत ही

रूची के साथ सुना था, जब उसे कैंसर से छुटकारे के लिए बताया जा रहा था।"

आदर्णिय गोर्डन लिण्डसे, सम्पादिकिय लेखक, सेवक और क्राईस्ट फोर द नेशन इन्सटीट्ट के संस्थापक।

"भाई ब्रन्हम ने कहा, 'कांग्रेस मैन चंगा हो गया है।' मेरा हृदय उछल पड़ा। मैं आगे बढ़ा और प्रभु को अपना चंगाकर्ता स्वीकार किया। मैंने अपनी बैसाखियां एक ओर रख दी... और स्वर्ग का धरातल नीचे आ गया।"

विलीयम डी.अपशो, यू.एस. कांग्रेसमैन (1919–1927), 1932 में यू.एस. राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार। अपने बाल्यअवस्था में पीठ के बल गिर पड़े थे। अब वह 84 के थे जब वह भाई ब्रन्हम की प्रार्थना से पूरी रीति से चंगे हुए। वे 66 वर्ष की अपाहिज वाली अवस्था में थे। उसे अपने बाकी जीवन में फिर कभी पहिंये वाली कुर्सी या बैसाखियों की आवश्यकता नही थी।

"मैं आठ वर्ष और नौ महीनों से टी.बी. से पंलग पर पड़ी थी और डॉक्टरों ने मुझे छोड़ दिया था। मुश्किल से मेरा वजन 50 पोण्ड रहा होगा और लगता था कि सारी आशाये समाप्त हो गई थी। तब जैफरसनविले इन्डियाना से आदर्णिय डब्लू.एम.ब्रन्हम आये एक दर्शन में जो उन्होंने देखा था, एक मेम्ना जंगल में फंस गया है और 'मिलटाऊन' कह कर चिल्ला रहा है, जहां कि मैं रहती हूं। भाई ब्रन्हम यहां कभी नहीं आये थे, ना ही यहां किसी को जानते थे। भीतर आकर उसने अपने हाथ मेरे ऊपर रखे और प्रार्थना की, हमारे प्रिय प्रभु यीशु के नाम से मुझे पुकारा। किसी चीज ने मुझे जकड़ लिया ऐसा लगा और मैं एक दम से खड़ी हो गई। परमेश्वर को उसकी चंगाई भरी सामर्थ के लिए धन्यवाद देने लगी। अब मैं यहां बैपटिस्ट चर्च में प्यानों बजाती हूं।"

जोर्जिया कार्टर मिलटाऊन इन्डियाना। 1940 में टी.बी. से चंगी हुई और फिर कभी इस बीमारी से जीवन भर ग्रस्त नहीं हुई। उसने हजारो लोगों का प्रतिनिधित्व किया जो उसकी सेवकाई में चंगे हुए और आज भी चंगे हो रहे हैं।

अग्नी स्तम्भ

भाई ब्रन्हम अक्सर अग्नी सतम्भ का वर्णन करते हैं, जिसने उनकी सेवकाई का समर्थन किया। यह उनके जन्म के समय उपस्थित था, हजारों लोगों द्वारा ओहियों नदी पर देखा गया, और लगता था कि जहां कही वह गये उनके साथ–साथ रहा। यह 1950 में प्रभु ने विश्वासियों और अविश्वासियों दोनों को समान रूप से अचूक प्रमाण दिया कि यह अग्नी स्तम्भ भविष्यव्यक्ता साथ था।

सेम होस्टन कोलिसियम में, वह रात विवादों के पर्दे में थी। भाई ब्रन्हम एक चंगाई बेदारी की अगुवाई कर रहे थे। जिसने सारे देश को समेट लिया था। प्रभु यीशु की आशीषे वर्षा के समान गेहूं के आत्मिक खेत में उंडेली जा रही थी। परन्तु महान चिन्ह और आश्चर्यकर्म, बिना अलोचनाओं के निकल कर नहीं आये। जैसे कि शत्रु सदा विरोध करता है। होस्टन टेक्सास में दो शक्तियां आमने–सामने थी, और प्रभु का स्वर्गदूत स्वयं युद्ध लड़ने के लिए नीचे उतर आया।

हजारों लोग वहां अनगिनत आश्चर्यकर्मों की गवाही देने के लिए उपस्थित थे जो कि परमेश्वर के इस जन के द्वारा किए गये थे। एक दिन सुबह ही कुछ स्थानिय सेवको के झुण्ड ने भविष्यव्यक्ता को चुनौती दी, कि दिव्य चंगाई पर आ कर विवाद करे, परन्तु चुनौती भविष्यव्यक्ता के विश्वासयोग्य साथी, आदर्णिय एफ.एफ. बोसवर्थ पर आ पड़ी। बहुत से शंका करने वाले व्यक्ति, इस स्थानिय बेपटिस्ट सेवक के साथ हो लिए और दिव्य चंगाई की भर्तस्ना की। होने वाले विवाद की चर्चा अखबारों में आ गई, जिसे एक दम सुर्खियों में प्रकाशित कर दिया गया, *"आज शाम सात बजे सेम होस्टल कोलेसियम में धर्म विज्ञानियों की धज्जियां उड़ाई जायेगी।"*

संदेह करने वाले ने एक व्यवसायी फोटोग्राफर को किराये पर लिया। डगलस स्टूडियों का टेड किपरमैन, कि बहस का अभिलेख रखे। उस सांझ जो चित्र उतारे गये, वे भाई बोर्सवर्थ के साथ खड़े हुए, संकोची मुद्रा में जैसे कि संदेह करने वाले भयभीत थे। एक बार अपनी उँगली नम्र मनुष्य के चेहरे पर दिखाते हुए।

जब विवाद आरम्भ हुआ, आदर्णिय बोसवर्थ ने जल्द ही दिव्य चंगाई की निश्चितता को वचन के प्रमाणों से सिद्ध कर दिया और कोई प्रश्न नहीं छोड़ा। जब वे जो अपनी दुर्बलताओं से चंगे हुए थे, उन्हें खड़ा होने को कहा गया, तो हजारों अपने पैरो पर खड़े हो गए। इसके बाद वे जो चंगे हुए थे अपने स्थान पर बैठ गए। उसने पूछा यदि वे जो दिव्य चंगाई से चंगे हुए है, यदि वे इस खड़े व्यक्ति के नामधारी संस्था से हैं तो खड़े हो जाये। तीन सौ सदस्यों ने गर्व के साथ प्रभु यीशु के अनुग्रह को दिखाया, जो उन पर किया गया था।

संदेह करने वाले की ओर से फिर चुनौती दी गई। "वह दिव्य चंगाई करने वाला सामने आये, और करके दिखाये।" भाई बोसवर्थ ने स्पष्ट कर दिया था, केवल यीशु ही दिव्य चंगाकर्ता है, परन्तु वह सन्देह करने वाला बराबर चिल्लाता रहा। अन्त में भाई बोसवर्थ ने भाई ब्रन्हम को मंच परआने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने निमन्त्रण स्वीकार किया, और समर्थन में हर्ष की ध्वनी उठी।

भविष्यव्यक्ता पवित्रआत्मा से भर गया था, और नीचे दिए गए, उत्तर दिए।

मैं किसी को चंगा नहीं कर सकता। मैं यह कहता हूं जब मैं केन्टकी प्रदेश में जन्मा तो मेरी अपनी प्रिय मां के अनुसार, और जो मेरे सारे जीवन भर सत्य बना रहा, वहां एक ज्योति कमरे में आई जहां सट–सट कर सब खड़े हुए थे। उसमें फर्श भी नहीं था, यहां तक कि खिड़की भी नहीं थी, वहां खिड़की के नाम एक पुराना सा कुछ था, जैसे एक छोटा दरवाजा और उन्होंने उसे यह सोच कर की प्रातः पांच बज गये हैं, खोला और यह ज्योति धूमती हुई अन्दर आई, दिन निकल ही रहा था। उस समय से यह मेरे साथ है, यह परमेश्वर का दूत है। कुछ वर्षो पहले वह व्यक्तिगत रूप में मुझ से मिला है। मेरे सारे जीवन में मुझे घटने वाली बाते बताई और मैंने उन्हें बता दिया जैसा उसने मुझे बताया। और मैं किसी को भी किसी स्थान में चुनौती देता हू जहां मेरा पालन–पोषण हुआ था, वहां उस नगर मे जायेंया कहीं भी सिवाये इसके कि यह

ठीक जिस प्रकार हुआ, कहा गया कि यह हुआ था। कि यह वक्तव्य सदा प्रभु के नाम में दिया गया।

उसके इन शब्दों के बोलने के बाद, पवित्रआत्मा मंच पर उतर आया और उत्तेजित फोटोग्राफर ने चित्र उतारा। भाई ब्रन्हम ने साधारण रूप में भविष्यव्यक्ताई वक्तव्य देते हुए मंच छोड़ दिया *"परमेश्वर गवाही देगा मैं अधिक नहीं कहता।"*

श्रीमान किपरमैन का साथी तुरन्त ही काम पर निकल गया कि चित्रों को अगले दिन सुबह के समाचार पत्र के लिए तैयार करे। जैसे ही उसने पहला चित्र रसायन में से निकाला उसने ध्यान दिया कुछ विचित्र सा है। और अगले पांच चित्र खाली थे, उसने अपने सीने पर हाथ रखा, और झुका फिर अन्तिम वाला चित्र रसायन में से निकाला। वहां उस अन्तिम चित्र में अग्नी स्तम्भ प्रगट रूप में भविष्यव्यक्ता के सिर के ऊपर था, विलीयम मेरियम ब्रन्हम।

इस्राईल के बालकों ने अग्नी स्तम्भ की गवाही दी कि इससे मूसा की अगुवाई की, और आज इस आधुनिक समय के लोगों ने उसी अग्नी स्तम्भ की गवाही दी कि वह दूसरे भविष्यव्यक्ता की अगुवाई कर रहा है।

चित्र को तुरन्त ही जोर्ज. जे. लेसी के पास भेजा गया, जो कि विवादित अभिलेखों का यू.एस, एफ.बी.आई. के लिए व्यवसायी परिक्षण कर्ता था। जिसने चित्र को अपने सिद्ध दृष्टीकोण से प्रमाणित किया। श्री लेसी द्वारा राजकीय अभिलेख दिया गया जो की अगले पन्ने पर है।

यह बहुत पहले जब कंम्पूयटर या डिजीटल कैमरे नहीं थे और किसी विधी से स्पष्ट नहीं किया जा सकता था, जो विज्ञान में जाना जाता था। इसे छोड़ कि वास्तविक ज्योति विलीयम ब्रन्हम के सिर के ऊपर थी। आज वही चित्र यूनाईटेड स्टेट में कांग्रेस की यूनाईटेड स्टेट लाईब्रेरी में देखा जा सकता है, जो कि राष्ट्र की राजधानी वाशिंगटन डी.सी.में है।

जोर्ज जे. लेस्सी
विवादित अभिलेखों के परिक्षणकर्ता
होस्टन टैक्सास

जनवरी 29, 1950

रिपोर्ट और राय

संदर्भः विवादित नेगेटिव

जनवरी 28, 1950, आदर्णिय गोर्डन लिण्डसे के निवेदन पर जो कि आदर्णिय विलीयम ब्रन्हम जो जैफरसनविले, इन्डियाना के हैं, उनके प्रतिनिधि से डगलस स्टूडियो 1610, इस नगर के रस्क ऐवेन्यू से एक 4 गुणा 5 इंच का तैयार चित्र और तैयार फोटोग्राफिक फिल्म प्राप्त की। इस फिल्म का तात्पर्य जो डगलस स्टूडियो में तैयार हुई जो कि आदर्णिय विलीयम ब्रन्हम, इस नगर के सेम होस्टन के कोलेसियम में, उनके यहाँ जनवरी 1950 के अन्त में आने के समय का है।

निवेदन

आदर्णिय लिण्डसे का निवेदन है कि मैं इस ऊपर बताये गए नेगेटिव का वैज्ञानिक परिक्षण करू। उनका निवेदन है, मैं निश्चित रूप से यदि सम्भव है, कि मेरे विचार में यह नेगेटिव दुबारा छुआ या "बदल फेर," किसी भी प्रकार से इसे तैयार करते समय किया गया है, जिस कारण ज्योति की लकीर, प्रकाश पुंज के समान आदर्णिय ब्रन्हम के सिर के ऊपर प्रगट हुआ है।

परिक्षण

सूक्ष्मदर्शी और सूक्षमदर्शी द्वारा किया गया परिक्षण और नेगेटिव फिल्म की सतह का दोनों ओर से अध्यन, जो कि एक ईस्टमैन कोडक सुरक्षित फिल्म है। फिल्म के दोनों सतहों का परिक्षण अल्ट्रा वायलेट किरणों से किया गया और फिल्म के इनफ्रारेड चित्र तैयार किए गये थे।

सूक्ष्मदर्शी परिक्षण इस बात को प्रगट करने में असफल रहा कि फिल्म को किसी भी स्थान में दुबारा छेड़ा गया है, जिस भी किसी विधी से जो व्यपारिक छेड़छाड़ के लिए काम में लाई जाती है, दुबारा छेड़ा गया हो। सूक्ष्मदर्शी परिक्षण यह प्रगट करने में भी असफल रहा, उस प्रकाश परत के चारो ओर के इमल्शनको छेड़ा गया हो या प्रकाश के चारो ओर की परत को जिस पर विवाद है।

अल्ट्रा वायलेट प्रकाश किसी बाहरी तत्व को प्रगट करने में असफल रहा या किसी रसायन क्रिया के परिणाम को जो फिल्म तैयार करने की अनुवर्ती में है।

इफ्रारेड चित्र इस बात को प्रगट करने में असफल रहे कि कोई चीज, किसी छेड़छाड़ की ओर संकेत कर रही है, जो इस फिल्म में किया गया हो।

परिक्षण इस बात को भी प्रगट करने में असफल रहा, जो विवादित फिल्म की ओर संकेत करे कि विवादित फिल्म, मिश्रित फिल्म थी या उसे दो बार प्रकाशित किया गया हो।

ऐसा कुछ नहीं पाया गया जो इस बात की ओर संकेत करेगा कि प्रकाश की परत जो विवादित है, तैयार करते समय बनाई गई हो। ना ही कुछ ऐसी चीज मिली, जो कि इस बात की ओर संकेत करती हो कि यह यथावत विधी और प्रमाणित विधी से तैयार नहीं कि गई। तुलनात्मक घनत्व जो उस प्रकाश पुंज का है, सामंजस्य में ना हो।

राय

ऊपर आधारित परिक्षणों के वर्णन और अध्ययन से मेरी राय इसमें निश्चित है कि जो फिल्म परिक्षण के लिए दी गई, दुबारा छेड़ी नहीं गई है, ना ही इसमें कोई मिश्रण किया गया या उसे दोबारा प्रकाशित किया गया हो।

इसके आगे में अपनी राय में निश्चित हूं कि प्रकाश पुंज जो सिर के ऊपर प्रगट हुआ है, जो प्रभामण्डल की स्थिति में है, वह फिल्म पर प्रकाश के प्रभाव के कारण बना है।

आदरपूर्ण पेश किया

GJL/11

भेद प्रकट हो गए

भाई ब्रन्हम की आरम्भिक सेवा में यह स्पष्ट हो गया था कि नामधारी व्यवस्था, धार्मिक संस्थाओं को प्रोत्साहन देने के लिए बनाई गई थी और सच्चे सुसमाचार के लिए नहीं। भाई ब्रन्हम ने बाइबल का अक्षर–अक्षर विश्वास किया, और समझौता नहीं करेंगे, चाहे कि इसका अर्थ अपने साथियो, मित्रो या परिवार से बहिष्कार हो।

जबकि वह मिशनरी बेपटिस्ट चर्च के सदस्य थे, उनसे कहा गया कि महिला सेवकों को अभिषिक्त करे। जो भी हो वह वचन को अच्छी तरह से जानते थे। 1तीमुथियुस 2:12 स्पष्टता से कहता है, *"मैं कहता हूं कि स्त्री ना उपदेश करे और न पुरुष पर आज्ञा चलाये, परन्तु चुपचुाप रहे,"* और 1कुरिन्थियो 14:34 कहता है *"स्त्रियां कलीसिया की सभा में चुप रहें, क्योंकि उन्हें बात करने की आज्ञा नहीं..."* यह स्त्रियों के विरुध कुछ भी नहीं था, परन्तु बाइबल इस विषय पर बिल्कुल स्पष्ट है। जब चेतावनी दी गई थी, तो वह समझौता नहीं कर सके, इसलिए उन्होंने कलीसिया छोड़ दी।

केवल यही वचन नहीं था जो कि नामधारियों के द्वारा उपेक्षित किया गया। प्रभु ने भाई ब्रन्हम के ऊपर बपतिस्मे की सच्चाई को प्रगट किया। यीशु मसीह कैसे यह आज्ञा दे सकता था। *"इसलिए तुम जाओ, सब जाति के लोगों को चेला बनाओ और उन्हें पिता और पुत्र और पवित्रआत्मा के नाम से बपतिस्मा दो,"* जब कि हर बपतिस्मा बाइबल में यीशु के नाम से अभिलिखित है? प्रेरित पतरस ने प्रेरितो के काम 2:38 में आज्ञा दी, कि **प्रायश्चित करे और यीशु मसीह के नाम से बपतिस्मा ले।** वचन, सिद्ध एकता में कार्य करता है, परन्तु इस भेद को प्रगट करने के लिए भविष्यव्यक्ता को लिया; "पिता" नाम नहीं है "पुत्र" नाम नहीं है "पवित्रआत्मा" नाम नहीं है। जैसे एक मनुष्य अपने बालको का पिता है, अपने अभिभावकों का पुत्र है, अपने भाई बहनों का भाई फिर भी उसका नाम "पिता," "पुत्र" या "भाई" नहीं। पिता, पुत्र और पवित्रआत्मा प्रभु यीशु मसीह के नाम के उपाधियां है। मत्ती 28:19 और प्रेरित 2:38 एक सिद्ध रेखा में आ गए।

यहां तक कि अदन की वाटिका का मूल पाप प्रगट कर दिया गया था, ना कि एक फल खाने के समान, परन्तु परमेश्वर के वचन का अविश्वास। कैसे एक फल के टुकड़े को खाकर, आदम और हवा पर तुरन्त यह प्रगट हो गया कि वे नंगे थे? सही में इसका अर्थ नहीं निकलता। एक सेब का नंगेपन से क्या लेना देना? परमेश्वर के भविष्यव्यक्ता ने इस भेद को स्पष्ट रूप से प्रकट कर दिया।

प्रकाशितवाक्य 2 और 3 के वे दूत कौन है जिन के लिए बोला गया? उनके नाम जाने पहचाने से लगते हैं।

प्रकाशितवाक्य के छठवे अध्याय के वे भेदपूर्ण घुडसवार कौन हैं? उनके अन्दर एक बड़ी विशेष बात सामान्य है।

क्या संयुक्त राज्य प्रकाशितवाक्य की पुस्तक में वर्णित है?

यह 1,44000 कौन है जो कि सातवे अध्याय में बचाये गये हैं?

अध्याय 17 की यह बड़ी वैश्या कौन है? उसकी पहचान और यह सारे भेद इस शक्तिशाली भविष्यव्यक्ता के सन्देश में जो परमेश्वर की ओर से भेजा गया, प्रगट हो गये थे।

केवल वे अनगिनत आश्चर्यकर्म ही इस मनुष्य के जीवन में नहीं हुए, परन्तु वे भेद जो बाइबल में युगो से छिपे रहे, वे भी इसकी सेवकाई मे प्रगट हो गए। यह स्पष्ट हो गया कि इस भविष्यव्यक्ता ने मलाकी 4 से और अधिक वचन पूरे किए।

प्रकाशितवाक्य 10:7 वरन् सातवें दूत के तुरही फूंकने पर होने वाले शब्दं के दिनों में परमेश्वर का गुप्त मनोरथ उस सुसमाचार के अनुसार जो उसने अपने दास भविष्यव्यक्ताओं को दिया पूरा होगा।

एक आवाज संसार से पुकार कर कह रही है कि नामधारियों में से बाहर आ जाओ और परमेश्वर के मूल वचन पर आ जाओ। हम से हर एक के पास वही सुअवसर है जो पतरस, याकूब और यूहन्ना के पास था। हमारे पास सुअवसर है कि परमेश्वर के थोड़े से चुनो हुओं में गिने जाये, जो आज की धार्मिक संस्थाओं के समक्ष नहीं झुकेंगे।

पवित्र वचन में उन मनुष्यों के जीवन और कार्यों का अभिलेख है, जो परमेश्वर के साथ चले और उसके आत्मा से इतने अभिषिक्त थे

कि उन्होंने अपने वचनों में यहोवा यों कहता है की घोषणा की और उनके शब्दों की ना असफल होने वाले चिन्हों और आश्चर्यकर्मों के द्वारा पुष्टी हुई। वे परमेश्वर के भविष्यव्यक्ता थे और अपनी पीढ़ी के लिए परमेश्वर की आवाज थे।

क्या समय बदल गया, उस समय से जब यीशु यहां पर था? यह धार्मिक अगुवे थे, जिन्होंने यीशु को क्रूस पर चढ़ाया। उस बड़ी धार्मिक व्यवस्था के सामने चेले बहुत ही अल्पसंख्यक थे। उनका बहिष्कार किया गया, उपहास उड़ाया और नामधारी की मुख्यधारा के विरूद्ध खड़े होने के कारण अन्त में उन्हें मार डाला गया। हो सकता है आज हमें अपने विश्वास के कारण मारा ना गया, परन्तु हम निश्चय ही सताये गए। जैसे फरीसी और सदूकी, वे भाई ब्रन्हम की सेवकाई में जो आश्चर्यकर्म हुए उनका इन्कार नहीं कर सकते। इसलिए उन्होंने दूसरे आक्रमणों में शरण ली। आप सुन सकते हैं कि वह झूठा भविष्यव्यक्ता था, एक पूजा पद्धति का अगुवा या और बुरा। वास्तव में वह परमेश्वर का एक नम्र व्यक्ति था जो नामधारियों के आज्ञाकारी नियन्त्रण के विरूध मजबूती से खड़ा हुआ, और वे उपासनाये जो परमेश्वर के लोगों पर लादी गई। इन्होंने ठीक इसी प्रकार से यीशु पर आक्रमण किया जब वह उनके धर्म सिद्धान्तों के विरुद्ध खड़ा हुआ।

परमेश्वर ने भाई ब्रन्हम की इच्छा का सम्मान किया कि बाइबल के हर वचन का विश्वास करे, और उसने अपनी सेवकाई का प्रयोग लाखो लोगों के प्राणों की अगुवाई यीशु मसीह की ओर की। आज सातवे स्वर्गदूत की आवाज जोर पर है, जैसे कभी हुई। लगभग 20 लाख लोग समस्त संसार में भाई ब्रन्हम के सन्देश का विश्वास करते हैं। यह एक बहुत ही छोटी संख्या है, उस दो अरब लोगों में जो मसीहत का दावा करते हैं। परन्तु कब परमेश्वर के लोग अल्प संख्यक नहीं थे?

हमारे पास 1200 से अधिक रिकार्ड किए हुए उपदेश, आवाज में हैं, जिसकी भविष्यवाणी प्रकाशितवाक्य 10:7 में है। इनमे से हर उपदेश परमेश्वर के भेदों को खोलता है। यह आवाज आपके लिए उपलब्ध है, यदि आप इसे सुनना चाहते हैं।

चुनाव आपका है

मैं एक क्षण के लिए भी लोगों के लिए सन्देश को नही लाऊंगा, जिससे कि वे मेरा अनुकरण करें, या मेरी कलीसिया से जुड़े या कोई संगती या संस्था का आरंभ करें। मैंने ऐसा कभी नही किया है और ना ही अब करूँगा। मुझे इन बातों में कोई दिलचस्पी नही है, लेकिन मुझे परमेश्वर की बातों और लोगो में एक दिलचस्पी है, और यदि मैं उस एक बात को भी पूरा कर सकता हूं तो, मैं सन्तुष्ट हो जाऊंगा। वो एक बात यह है कि, मनुष्य और परमेश्वर के बीच एक सच्चे आत्मिक संबंध को स्थापित होते देखूं। जिसमें मनुष्य मसीह में नई सृष्टी बने, और उसकी आत्मा से भर जाये और उसके वचन के अनुसार जिये। मैं आमंत्रण दूंगा, सबके लिए निवेदन और चेतावनी को दूंगा, इस समय पर उसकी आवाज को सुने, और अपने जीवनो को पूरी तरह से उसकी अधीनता में कर दे, यहाँ तक जैसे मेरे हृदय में पूरा भरोसा हो कि मैंने सब उसे दे दिया है। परमेश्वर आपको आशीष दे, और होने पाए उसके आगमन का आनंद आपके हृदय में हो।

आदर्णिय विलीयम मेरियन ब्रन्हम

सन्दर्भ

यीशु मसीह परमेश्वर है (परमेश्वरत्व)

निर्गमन 20:3	तू मुझे छोड़ दूसरो को ईश्वर करके ना माना।
यशायाह 9:6	क्योंकि हमारे लिए एक बालक उत्पन्न हुआ, हमें एक पुत्र दिया गया है, और प्रभुता उसके कांधे पर होगी, और उसका नाम अद्भुत युक्ति करने वाला पराकर्मी परमेश्वर, अनन्तकाल का पिता, और शान्ती का राजकुमार रखा जायेगा।
मत्ती 1:23	देखो, एक कुंवारी गर्भवती होगी और पुत्र जनेगी, और उसका नाम इम्मानुएल रखा जायेगा। जिसका अर्थ है–परमेश्वर हमारे साथ।
यूहन्ना 1:1	आदि में वचन था वचन परमेश्वर के साथ था, और वचन परमेश्वर था।
यूहन्ना 1:14	और वचन देहधारी हुआ, और अनुग्रह और सच्चाई से परिपूर्ण हो कर हमारे बीच डेरा किया।
यूहन्ना 4:24	परमेश्वर आत्मा है, और अवश्य है कि उसकी आराधना करने वाले आत्मा और सच्चाई से आराधना करें।
यूहन्ना 5:43	मैं अपने पिता के नाम से आया हूं और तुम मुझे ग्रहण नहीं करते, यदि कोई अन्य अपने ही नाम से आये, तो उसे ग्रहण कर लोगे।
यूहन्ना 8:19	उन्होंने उससे कहा, तेरा पिता कहां है? यीशु ने उत्तर दिया, न तुम मुझे जानते हो, ना मेरे पिता को, यदि मुझे जानते तो पिता को भी जानते।
यूहन्ना 10:30	मैं और पिता एक हैं।
यूहन्ना 12:45	और जो मुझे देखता है वह मेरे भेजने वाले को देखता है।
यूहन्ना 14:8–9	फिलिप्पुस ने उससे कहा हे प्रभु, पिता को हमें दिखा दे, यही हमारे लिए बहुत है। यीशु ने उससे कहा हे फिलिप्पुस, मैं इतने दिन से तुम्हारे साथ हूं और क्या तू झे नहीं जानता? जिसने मुझे देखा है उसने पिता को देखा है। तू क्यों कहता है कि पिता को हमे दिखा?
यूहन्ना 20:28	यह सुन थोमा ने उत्तर दिया, हे मेरे प्रभु, हे मेरे परमेश्वर!
प्रेरितो के काम 2:36	अतः अब इस्राईल का सारा घराना निश्चित रूप से जान ले कि परमेश्वर ने उसी यीशु को जिसे तुमने क्रूस पर चढ़ाया प्रभु भी ठहराया और मसीह भी।
प्रेरितो के काम 9: 4 और 5	और वो भूमी पर गिर पड़ा और यह शब्द सुना, हे शाऊल हे शाऊल तू मुझे क्यों सताता है? उसने पूछा, हे प्रभु तू कौन है? उसने कहा, मैं यीशु हूं, जिसे तू सताता है, तेरे लिए पैने पर लात मारना कठिन है।
इफिसियों 4:5	एक ही प्रभु है, एक ही विश्वास, एक ही बपतिस्मा
कुलुस्सियों 1:13–17	उसी ने हमें अन्धकार के वश से छुड़ा कर, अपने प्रिय पुत्र के राज्य में प्रवेश कराया, जिसमें हमें छुटकारा अर्थात पापों की क्षमा प्राप्त होती है। वह तो अदृश्य परमेश्वर का प्रतिरूप और सारी सृष्टी में पहलौठा है। क्योंकि उसी में सारी वस्तुओं की सृष्टी हुई स्वर्ग कि हो, अथवा पृथ्वी की, देखी या अनदेखी, क्या सिंहासन, क्या प्रभुताये, क्या प्रधानताए, क्या अधिकार, सारी वस्तुऐ उसी के द्वारा और उसी के लिए सिरजी गई हैं। वही सब वस्तुओं में प्रथम है और सब वस्तुएं उसी में स्थिर रहती हैं।

कुलुस्सियों 2:6 से 9	अतः तुमने मसीह यीशु को प्रभु करके ग्रहण कर लिया है, वैसे ही उसी में चलते रहो और उसी में जड़ पकड़ते और बढ़ते जाओ, और जैसे तुम सिखाये गए वैसे ही विश्वास में दृढ़ होते जाओ, और अधिकाधिक धन्यवाद करते रहो चैकस रहो कि कोई तुम्हें उस तत्वज्ञान और व्यर्थ धोखे के द्वारा अपना अहेर ना बना ले, जो मनुष्य की परम्पराओं और संसार की आदि शिक्षा के अनुसार तो है, पर मसीह के अनुसार नहीं, क्योंकि उसमें ईश्वर की सारी परिपूर्णता सदेह वास करती है।
इब्रानीयों 13:8	यीशु मसीह कल और आज और युगानुयुग एक सा है।
1यूहन्ना 5:8	गवाही देने वाले तीन है, आत्मा, और पानी और लहू और तीनो एक ही बात पर सहमत हैं।
प्रकाशितवाक्य 1:8	प्रभु परमेश्वर, जो है जो था और जो आने वाला है, जो सर्वशक्तिमान है, वह यह कहता है, मैं ही अलफा और ओमेगा हूं।

पानी का बपतिस्मा

मत्ती 28:19	इसलिए तुम जाओ, सब जातियों के लोगों को चेला बनाओ, और उन्हें पिता और पुत्र और पवित्रआत्मा के नाम से बपतिस्मा दो।
मरकुस 16:16	जो विश्वास करे और बपतिस्मा ले, उसी का उद्धार होगा, परन्तु जो विश्वास ना करेगा, वह दोषी ठहराया जायेगा।
प्रेरितों के काम 2:38	पतरस ने उनसे कहा मन फिराओ और तुम में से हर एक अपने पापों कि क्षमा के लिए यीशु मसीह के नाम से बपतिस्मा ले, तो तुम पवित्रआत्मा का दान पाओगे।
प्रेरितों के काम 4:12	किसी दूसरे के द्वारा उद्धार नहीं, क्योंकि स्वर्ग के नीचे मनुष्यों में और कोई दूसरा नाम नहीं दिया गया, जिसके द्वारा हम उद्धार पा सके
प्रेरितों के काम 8:12	परन्तु जब उन्होंने फिलिप्पुस का विश्वास किया जो परमेश्वर के राज्य और यीशु के नाम का सुसमाचार सुनाता था, तो लोग क्या पुरुष, क्या स्त्री, बपतिस्मा लेने लगे।
प्रेरितो के काम 19:3–5	उसने उन से कहा, तो फिर तुमने किसका बपतिस्मा लिया? उन्होंने कहा, यूहन्ना का बपतिस्मा, पौलुस ने कहा, यूहन्ना ने यह कह कर मन फिराव का बपतिस्मा दिया कि जो मेरे बाद आने वाला है, उस अर्थात यीशु पर विश्वास करना। यह सुनकर उन्होंने प्रभु यीशु के नाम में बपतिस्मा लिया।
इफिसियों 4:5	एक ही प्रभु, एक ही विश्वास, एक ही बपतिस्मा।
कुलुस्सियो 3:17	वचन में या काम में जो कुछ भी करो, सब प्रभु यीशु के नाम से करो, और उसके द्वारा परमेश्वर पिता का धन्यवाद करो।

सन्दर्भ

भविष्यव्यक्ताओ

गिनती 12:6	तब यहोवा ने कहा, मेरी बात सुनोः यदि तुम में कोई नबी हो तो उस पर मैं यहोवा दर्शन के द्वारा अपने आप को प्रगट करूंगा या स्वप्न में उससे बाते करूंगा।
व्यवस्थाविवरण 18:21–22	और यदि तू अपने मन में कहे जो वचन यहोवा ने नहीं कहा उसको हम किसी रीति से पहचाने? तो पहचान यह है कि जब कोई नबी यहोवा के नाम से कुछ कहे, तब यदि वे वचन ना घटे और पूरा ना हो जाए, तो वह वचन यहोवा का कहा हुआ नहीं, परन्तु उस नबी ने वह बात अभिमान करके कही है, तू उससे भय ना खाना।
1 इतिहास 16:20–22	और वे एक जाति से दूसरी जाति में और एक राज्य से दूसरे राज्य में फिरते तो रहे, परन्तु उसने किसी मनुष्य को उन पर अन्धेर ने करने दिया और वह राजाओं को उनके निमित यह धमकी देता था, मेरे अभिषिक्तो को मत छुओ और ना मेरे नबियों की हानि करो।
भजन संहिता 105:12–15	उस समय तो वे गिनती में थोड़े थे, वरन बहुत ही थोड़े और उस देश में परदेशी थे। वे एक जाति में से दूसरी जाति में और एक राज्य से दूसरे राज्य में फिरते रहे, परन्तु उसने किसी मनुष्य को उन पर अन्धेर करने ना दिया; और वह राजाओं को उनके निमित्त यह धमकी देता था, मेरे अभिषिक्तों को मत छुओ और ना मेरे नबियों की हानि करो!
आमोस 3:7	इसी प्रकार से प्रभु यहोवा अपने दास भविष्यद्वक्ताओं पर अपना मर्म बिना प्रगट प्रगट किए कुछ भी ना करेगा। सिंह गरजा; कौन ना डरेगा? परमेश्वर यहोवा बोला; कौन भविष्यवाणी ना करेगा?
मलाकी 4:5	देखो, यहोवा के उस बड़े और भयानक दिन के आने से पहिले, मैं तुम्हारे पास एलिय्याह नबी को भेजूंगा:
लूका 1:70	जैसा उसने पवित्र भविष्यद्वक्ताओं के द्वारा जो जगत के आदी से होते आये हैं, कहा था।
लूका 24: 25	तब उसने उनसे कहा, हे निर्बुद्धियों और भविष्यद्वक्ताओं की सब बातों पर विश्वास करने में मन्दमतियों!
प्रेरितों के काम 7:52	भविष्यद्वक्ताओं में से किस को तुम्हारे बाप दादाओं ने नहीं सताया? उन्होंने उस धर्मी के आगमन का पूर्वकाल से सन्देश देने वालो को मार डाला; और अब तुम भी उसके पकड़वाने वाले और मार डालने वाले हुए।
प्रेरितों के काम 24:14	परन्तु मैं तेरे सामने यह मान लेता हूं कि जिस पन्थ को वे कुपन्थ कहते हैं, उसी रीति पर मैं अपने बाप दादाओं के परमेश्वर की सेवा करता आया हूं, और जो बाते व्यवस्था और भविष्यद्वक्ताओं की पुस्तकों में लिखी हैं, उन सब पर विश्वास करता हूं।
इफिसियों 2:20	और प्रेरितो और भविष्यद्वक्ताओं की नीव पर जिसके कोने का पत्थर, मसीह यीशु स्वयं ही है बनाये गए हो।
इब्रानियो 1:1से2	पूर्व युग में परमेश्वर ने बाप दादाओं से थोड़ा थोड़ा करके और भांति भांति से भविष्यद्वक्ताओं के द्वारा बाते कर। इन अन्तिम दिनों में हम से पुत्र के द्वारा बाते की, जिसे उसने सारी वस्तुओं का वारिस ठहराया और उसी के द्वारा उसने सारी सृष्टि की रचना की।

आश्चर्य कर्म/दिव्य चंगाई

व्यवस्थाविवरण 26:8	और यहोवा ने बलवन्त हाथ और बढ़ाई हुई भुजा से अति भयानक चिन्ह और चमत्कार दिखलाकर हम को मिस्र से निकाल लाया।
न्यायियों 6:13	गिदोन ने उससे कहा, हे मेरे प्रभु बिनती सुन, यदि यहोवा हमारे संग होता, तो हम पर यह सब विपत्ति क्यों पड़ती? और जितने आश्चर्यकर्मों का वर्णन हमारे पुरखा यह कह कर करते थे, क्या यहोवा हमको मिस्र से छुड़ा नही लाया, वे कहां रहे? अब तो यहोवा ने हमको त्याग दिया, और मिद्यानियों के हाथ कर दिया है।
भजन संहिता 103:3	वही तो तेरे सारे अधर्मो को क्षमा करता और तेरे सब रोगो को चंगा करता है।
यशायाह 53:5	परन्तु वह हमारे ही अपराधों के कारण घायल किया गया, वह हमारे अधर्म के कामों के कारण कुचला गया, हमारी ही शान्ती के लिए उस पर ताड़ना पड़ी कि उसके कोड़े खाने से हम लोग चंगे हो जाये।
दानिय्येल 11:32	और जो लोग दुष्ट हो कर वाचा को तोड़ेंगे, उनको वह चिकनी चपुड़ी बाते कह कर भक्तिहीन कर देगा, परन्तु जो लोग परमेश्वर का ज्ञान रखेंगे, वे हियाव बांध कर बड़े काम करेंगे।
मरकुस 16:17–18	विश्वास करने वालों के यह चिन्ह होंगे कि वे मेरे नाम से दुष्ट आत्माओं को निकालेंगे, नई–नई भाषा बोलेंगे, सांपों को उठा लेगे, और यदि वे प्राण नाशक वस्तु भी पी जाये तो उनकी कुछ हानि ना होगी, वे बीमारों पर हाथ रखेंगे और वे चंगे हो जायेंगे।
यूहन्ना 14:12	मैं तुम से सच सच कहता हूं कि जो मुझ पर विश्वास रखता है, ये काम जो में करता हूं वह भी करेगा, वरन् इसे भी बड़े काम करेगा, क्योंकि मैं पिता के पास जाता हूं।
प्रेरितों के काम 19:12	यहां तक रूमाल और अंगोछे उसकी देह से स्पर्ष करा कर बीमारों पर डालते थे, और उनकी बीमारियां जाती रहती थी और दुष्ट आत्माये उनमें से निकल जाया करती थी।
1 थिस्सलुनीकियो 1:5	क्योंकि हमारा सुसमाचार तुम्हारे पास ना केवल शब्द मात्र ही में वरन सामर्थ और पवित्रआत्मा में और बड़े निश्चय के साथ पहुंचा है; जैसा तुम जानते हो कि हम तुम्हारे लिए तुम्हारे बीच में कैसे बन गय थे।
याकूब 2:18	वरन् कोई कह सकता है, तुझे विश्वास है और मैं कर्म करता हूं। तू अपना विश्वास मुझे कर्म बिना तो दिखा और मैं अपना विश्वास अपने कर्मो के द्वारा तुझे दिखाऊंगा।
याकूब 2:20	पर हे निक्कमें मनुष्य, क्या तू यह भी नहीं जानता कि कर्म बिना विश्वास व्यर्थ है।।
याकूब 5:14–15	यदि तुम में कोई रोगी है, तो कलीसिया के प्राचीनों को बुलाए और वे प्रभु के नाम से उस पर तेल मल कर उसके लिए प्रार्थना करे और विश्वास की प्रार्थना के द्वारा रोगी बच जाएगा, और प्रभु उसको उठाकर खड़ा करेगा, और यदि उसने पाप भी किए हो तो उनकी भी क्षमा हो जायेगी।
याकूब 5:16	इसलिए तुम आपस में एक दूसरे के सामने अपने–अपने पापों को मान लो, और एक दूसरे के लिए प्रार्थना किया करो, जिससे चंगे हो जाओ, धर्मी जन की प्रार्थना के प्रभाव से बहुत कुछ हो सकता है।
1 पतरस 2:24	वह आप ही हमारे पापो को अपनी देह पर लिए हुए क्रूस पर चढ़ गया, जिससे हम पापों के लिए मर कर धार्मिकता के लिए जीवन बिताये उसी के मार खाने से तुम चंगे हुए।

सन्दर्भ

एलिय्याह की आत्मा

2 राजा 2:15	उसे देख कर भविष्यव्यक्ताओं के चेले जो यरीहो में उसके सामने थे, कहने लगे, एलिय्याह में जो आत्मा थी, वही एलीशा पर ठहर गई है। अतः वह उससे मिलने को आये और उसके सामने भूमी पर झुककर दण्डवत् की।
यशायाह 40:4	किसी की पुकार सुनाई देती है, जंगल में यहोवा का मार्ग सुधारो हमारे परमेश्वर के लिए अराबा में एक राजमार्ग चैरस करो, हर एक तराई भर दी जाए और हर एक पहाड़ी गिरा दी जाए; जो टेढ़ा है, वह सीधा और जो ऊंचा नीचा है, वह चौरस किया जाए।
मलाकी 3:1	देखो मैं अपने दूत को भेजता हूं, और वह मार्ग को मेरे आगे सुधारेगा और प्रभु जिसे तुम ढूंढते हो, अचानक अपने मन्दिर में आ जायेगा, हां, वाचा का वह दूत जिसे तुम चाहते हो, सुनो, वह आता है, सेनाओं के यहोवा का यही वचन है।
मलाकी 4:5–6	देखो यहोवा के उस बड़े और भयानक दिन के आने से पहले, मैं तुम्हारे पास एलिय्याह नबी को भेजूंगा, वह माता पिता के मन को उनके पुत्रों की ओर और पुत्रो के मन को उनके माता पिता की ओर फेरेगा, ऐसा ना हो कि मैं आकर पृथ्वी का सत्यानाश करूं।
मत्ती 11:10/ मरकुस 1:2 लूका 7:27	यह वही है जिसके विषय में लिखा है; देख मैं अपने दूत को तेरे आगे भेजता हूं, जो तेरे आगे तेरा मार्ग तैयार करेगा।
मत्ती 11:14	और चाहो मानो कि एलिय्याह जो आने वाला था, वह यही है।
मत्ती 17:11–12	उसने उत्तर दिया, एलिय्याह अवश्य आयेगा और सब कुछ सुधारेगा, परन्तु मैं तुम से कहता हूं कि एलिय्याह आ चुका और लोगों ने उसे नहीं पहचाना; परन्तु जैसा चाहा वैसा ही उसके साथ किया, इसी रीति से मनुष्य का पुत्र भी उनके हाथ से दुख उठायेगा।
लूका 1:17	वह एलिय्याह की आत्मा और सामर्थ में होकर उसके आगे–आगे चलेगा कि पितरो का मन बाल बच्चों की ओर फेर दे और आज्ञा ना मानने वालों को धर्मियो की समझ पर लाये, और प्रभु के लिए एक योग्य प्रजा तैयार करे।
लुका 3:4 (मत्ती 3:3, मरकुस 1:3, यूहन्ना 1:3)	जैसे यशायाह भविष्यव्यक्ता के कहे हुए वचनों की पुस्तक में लिखा है; जंगल में एक पुकारने वाले का शब्द हो रहा है, कि प्रभु का मार्ग तैयार करो, उसकी सड़के सीधी बनाओ।

आदर्णिय विलीयम मेरियम ब्रन्हम की सेवकाई की अधिक जानकारी के लिए और कैसे उनके उपदेशों को प्राप्त करे, इसके के लिए कृप्या सम्पर्क करें:

www.सन्देश.com

or

Voice Of God Recordings Inc.

INDIA OFFICE

No 28, Shenoy Road,

Nungambakkam, Chennai – 600 034, India

044-2827 4560

www.branham.org

www.सन्देश.com

HINDI